भारत सरकार
विद्युत मंत्रालय
....
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-2548
दिनांक 10 अगस्त, 2026 को उत्तरार्थ

असम में बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (बीईएसएस)

2548. श्री तेराश गोवाला:

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ग्रिड की विश्वश्नीयता को बेहतर बनाने के लिए असम राज्य में बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (बीईएसएस) संस्थापित करने का विचार रखती है;

(ख) इस संबंध में स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त परियोजनाओं के लिए आवंटित निधि का ब्यौरा क्या है; और

(घ) इन परियोजनाओं के पूरा होने की अपेक्षित समय-सीमा और तत्संबंधी विस्तृत ब्यौरा क्या है?

उत्तर

विद्युत राज्य मंत्री
(श्री श्रीपाद नाईक)

(क) से (घ) : परिवर्तनशील नवीकरणीय ऊर्जा (आरई) के एकीकरण की सुविधा के लिए विद्युत मंत्रालय देश भर में, बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (बीईएसएस) के विकास को लगभग 43.8 गीगावाट-घंटा (जीडब्ल्यूएच) सहायता देने के लिए दो व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण (वीजीएफ) स्कीमें चला रहा है। वर्तमान में, इन स्कीमों के अंतर्गत असम राज्य को कोई बीईएसएस क्षमता आवंटित नहीं की गई है।

असम सरकार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, राज्य ने ग्रिड विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए 200 मेगावाट-घंटा (एमडब्ल्यूएच) बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (बीईएसएस) स्थापित करने का प्रस्ताव दिया है। इन परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** पर है।

रा.स.अतारां.प्र.सं. 2548

अनुबंध

क्रम सं.	प्रस्तावित परियोजनाएं	परियोजना अनुमोदन स्थिति	आवंटित निधि	संभावित पूर्णता समय-सीमा
1	न्यू ग्रीन एनर्जी ऑफ असम लिमिटेड (एनजीईएएल) (ओटीसी और एपीडीसीएल के बीच संयुक्त उद्यम कंपनी) द्वारा असम विद्युत ग्रिड कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एईजीसीएल) के 400 केवी कुकुरमारा-मिर्जा सब-स्टेशन में 25 मेगावाट/100 मेगावाट-घंटा बीईएसएस परियोजना (चरण-1) का विकास	अनुमोदित	ओएनजीसी त्रिपुरा पावर कंपनी लिमिटेड (ओटीपीसी) की 51% और असम पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (एपीडीसीएल) की 49% शेयरधारिता के साथ संयुक्त उद्यम कंपनी एनजीईएएल द्वारा 170.32 करोड़ रुपये के अनुमोदित अनुबंध कीमत के साथ विकसित किया जाएगा।	अभी अवार्ड नहीं की गई
2	गोलपाड़ा में निजी निवेश के माध्यम से एकीकृत 30 मेगावाट सौर एवं 25 मेगावाट (100 मेगावाट-घंटा) बीईएसएस परियोजना	असम सरकार और निजी विकासकर्ता के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।	निजी निवेश	दिसंबर 2028

****